डायबिटीज से देखने की क्षमता में कमी

डायबिटिक मैक्यूलर एडिमा (डीएमई) के लक्षण, रोकथाम और इलाज

डायबिटीज से पीड़ित 3 में से 1 व्यक्ति में उनके जीवन में रेटिनोपैथी विकसित होती है

डायबिटीज से आंख पर कैसे असर पड़ता है?

डायबिटीज मेलिटस एक ऐसी बीमारी है जो शरीर की चीनी का इस्तेमाल करने और उसे स्टोर करने की क्षमता में बाधा डालती है, जिससे स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। रक्त में बहुत ज़्यादा चीनी आंखों सहित पूरे शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। डायबिटीज शरीर में ब्लड वेसल्स को कमजोर कर देती है। खास तौर पर छोटी रेटिनल ब्लड वेसल्स बहुत ज़्यादा संवेदनशील होती हैं। रेटिना में कुछ संरचनात्मक बदलावों के साथ रेटिना रक्त ब्लड वेसल्स की क्षति को डायबिटिक रेटिनोपैथी कहते हैं। इससे देखने की क्षमता में कमी होती है।

डायबिटिक रेटिनोपैथी क्या है?

डायबिटीज वाले लोगों में आंखों की सबसे आम बीमारी डायबिटिक रेटिनोपैथी है। यह रेटिना को लगातार नुकसान पहुंचाती है जिससे देखने की क्षमता से जुड़ी गंभीर जटिलता पैदा होती है। डायबिटिक आंख की बीमारी का तुरंत पता लगाने और समय पर इलाज करने से देखने की क्षमता से जुड़ा जोखिम काफी कम हो जाता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी में देखने की क्षमता में कमी की दो खास वजह हैं:

- प्रोलिफेरेटिव डायबिटिक रेटिनोपैथी
- डायबिटिक मैक्यूलर एडिमा



प्रोलिफेरेटिव डायबिटिक रेटिनोपैथी क्या है?

इस स्थिति में, रेटिना की सतह से बहुत छोटे ब्लड वेसल्स बढ़ते हैं। ये बढ़ते ब्लड वेसल्स बहुत नाजुक होते हैं और आसानी से विट्रियस में रक्त बहने लगता है जिससे अचानक देखने की क्षमता में गंभीर कमी हो जाती है।

डायबिटिक मैक्यूलर एडिमा (डीएमई) क्या है?

जब क्षतिग्रस्त ब्लड वेसल्स लीक हो जाते हैं और मैक्युला के ऊपर या नीचे तरल पदार्थ जमा हो जाता है, तो इसकी वजह से सूजन और देखने में दिक्कत आती है, जिससे देखने की क्षमता में थोड़ी कमी आती है। डायबिटीज वाले लोगों में देखने की क्षमता में कमी का सबसे आम कारण मैक्यूलर एडिमा है।



डीएमई के आम लक्षण क्या हैं?

डीएमई के लक्षण हमेशा नहीं होते हैं, लेकिन आप अपनी सामान्य देखने की क्षमता में नीचे दिखाए गए अंतर का अनुभव कर सकते हैं।



डीएमई का सबसे ज़्यादा खतरा किसे है?

डायबिटिक रेटिनोपैथी की डिग्री

गंभीर उच्च रक्तचाप

डायबिटीज का प्रकार/अवधि

मोटापा

रक्त में वसा की बहुत ज़्यादा मात्रा

क्या सभी डायबिटिक को डीएमई होगा?

डायबिटीज वाला कोई भी व्यक्ति संभावित रूप से डीएमई विकसित कर सकता है। अगर आपको सालों से डायबिटीज है, तो आपके रेटिना में यह स्थिति विकसित हो सकती है। हालांकि, यह देखा गया है कि डायबिटीज से पीड़ित लगभग आधे लोगों में उनकी पूरी ज़िंदगी के दौरान कुछ हद तक डायबिटिक मैक्यूलर एडिमा विकसित होगी।

डीएमई का कैसे पता लगाया जाता है?

ऑप्थाल्मोस्कोपी: ऑप्थाल्मोस्कोपी रेटिना संरचना का पूरा नजारा दिखाती है।

ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफ़ी (ओसीटी): यह एक डायग्नोस्टिक तकनीक है जो हाई रिज़ॉल्यूशन पिक्चर के साथ रेटिना की साफ इमेज देती है।

फ़ंडस फ़्लोरेसिन एंजियोग्राफ़ी (एफएफए): यह एक सामान्य प्रक्रिया है जो रेटिना ब्लड वेसल्स की स्थिति के बारे में ज़्यादा जानकारी पाने के लिए की जाती है। एक डाई को आपकी बांह में इंजेक्ट किया जाता है जो फिर ब्लॉकेज की फ़ोटोग्राफ़ लेने के लिए आपकी रेटिना की नसों तक जाती है।

ऑप्थाल्मोस्कोपी



ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफ़ी



फ़ंडस फ़्लोरेसिन एंजियोग्राफ़ी

डीएमई का इलाज कैसे किया जाता है?

एंटी–वीजीईएफ़ इंजेक्शन थेरेपी

मैक्यूलर एडिमा की देखभाल का वर्तमान मानक इंट्राविट्रियल इंजेक्शन है। एंटी वैस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फ़ैक्टर (वीईजीएफ़) इंजेक्शन इलाज वीईजीएफ़ की गतिविधि को ब्लॉक करता है और मैक्यूलर एडिमा के बढ़ने को धीमा कर देता है और बाद में देखने की क्षमता में होने वाली कमी से बचाता है।

लेजर फ़ोटोकोगुलेशन

डीएमई का भी यही इलाज है। अगर लेजर फ़ोटोकोगुलेशन समय पर किया जाता है, तो यह देखने की वर्तमान क्षमता को बनाए रख सकता है और इस तरह, देखने की क्षमता में कमी के जोखिम से बचा सकता है, लेकिन शायद ही कभी नजर में सुधार होता है।

इंट्राविट्रियल स्टेरॉयड

डीएमई के इलाज में मेडिकल थेरेपी के लिए प्ट स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया जाता है। कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स सूजन को कम करते हैं और ब्लड वेसल्स से तरल पदार्थ के रिसाव को कम करते हैं।

विट्रोक्टोमी

विट्रोक्टोमी आंख के अंदर से विट्रियस जेल को हटाने वाला एक ऑपरेशन है। यह उन प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए ज़रूरी है जिन्हें उसके स्थान पर तरल पदार्थ के साथ नहीं किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में, विट्रियस जेल को सिलिकॉन ऑयल, सेलाइन घोल, हवा या गैस से बदल दिया जाता है, इन सभी को समय के साथ आंख के प्राकृतिक तरल पदार्थ से बदल दिया जाता है।



संयोजन दृष्टिकोण

लेजर ट्रीटमेंट के साथ एंटी वैस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फ़ैक्टर (एंटी–वीईजीएफ़) यौगिकों का संयोजन देखने से जुड़े काम और ज़िंदगी में सुधार के कई मौके दे सकते हैं।

नियमित देखभाल

धूम्रपान से बचें

अपने ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बनाए रखें

नियमित रूप से व्यायाम करें

साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच

गहरे रंग की, पत्तेदार हरी सब्जियां खूब खाएं

Disclaimer: This material is for information purpose only. It does not replace the advice or counsel of a doctor or healthcare professional. We make every effort to provide accurate and timely information but make no guarantees in this regard. You should consult comply with only on the advice of your ophthalmologist or healthcare professional.

RAZUMAB™
Ranibizumab 0.5 mg Injection

INTAS

Scan the QR Code to know more about Razumab

ENGLISH 2160440

INTAS PHARMACEUTICALS LIMITED
Near Sola Bridge, S.G. Highway, Thaltej,
Ahmedabad – 380054, Gujarat, INDIA.
Website : www.intaspharma.com